विज्ञान महोत्सव में शिक्षिका रंजना का चयन

झांसी। भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में झांसी से केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक की शिक्षिका रंजना उपाध्याय का चयन हुआ है। कोलकाता में 7 व 8 नवंबर को होने वाले महोत्सव में वह रसायन विज्ञान पर नवाचार को प्रस्तुत करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव को एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव माना जाता है। इसमें देश के प्राइमरी स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक के शिक्षकों का चयन कर उन्हें आमंत्रित किया जाता है। इस बार कानपुर प्रांत से चार एवं झांसी से एक शिक्षिका का चयन भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के लिए हुआ है। शिक्षिका ने बताया कि महोत्सव में प्रतिभाग लेने के लिए उत्साहित हैं। ब्यूरो